News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-242
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

ये दुनिया है यहाँ सबको सब कुछ नजर आता है, सिवाय अपनी गलतियों के!

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शनिवार, 07 दिसम्बर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

## विवाह पंचमी पर निकली झांकी पर उपद्रवियों ने किया पथराव, कई लोग जख्मी



दरभंगा में नगर थाना क्षेत्र के वाजितपुर में विवाह पंचमी के मौके पर निकाली जा रही झांकी पर उपद्रवियों द्वारा पथरबाजी की गई है। देखते ही देखते कई लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि शुक्रवार रात जब बाजितपुर से विवाह पंचमी के मौके पर झांकी निकाली जा रही थी तब धार्मिक स्थल में बैठे लोगों ने लाठी डंडे और पत्थरबाजी करने लगे। इस दौरान कई लोग घायल हो गए। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीओ विकाश कुमार सदर सिटी एसपी डीएसपी अमित कुमार सहित भारी संख्या पहुंची पुलिस में मामले को शान्त करा लिया है। हालांकि, स्थिति तनावपूर्ण है। इलाके में भारी संख्या पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

**देखते ही देखते होने लगा पथराव**

बताया जाता है प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी तरौनी गांव विवाह पंचमी पर झांकी निकलकर बाजितपुर की तरफ जा रही है। इस दौरान बाजितपुर में झांकी के पहुंचने पर दोनों समुदाय के लोगों के बीच बहस शुरू हो गई जो देखते ही देखते पत्थरबाजी और मारपीट में तब्दील हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे सिटी एसपी सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मियों ने मामले को शांत करा लिया है।

**सीसीटीवी खंगाल रही दरभंगा पुलिस**

इस सम्बंध में सिटी एसपी अशोक कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल इलाके में भारी संख्या में पुलिस को तैनात कर दिया गया है। घटना की जांच के बाद उचित कार्यवाई की जाएगी। इस मामले को लेकर सदर एसडीओ विकास कुमार ने बताया कि विवाह पंचमी पर निकाली गई झांकी पर पत्थरबाजी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस घटना को लेकर इलाके में लगी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। फुटेज आने के बाद मामले की सही जानकारी मिल पाएगी।

## तेजस्वी यादव बोले- नालंदा बना शिक्षा माफियाओं का केंद्र



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रिटायर्ड अधिकारियों की फौज तैयार कर रखी है, जिससे बिहार का विकास का विकास नहीं होने वाला है। उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से कही। तेजस्वी यादव कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम के तहत शेखपुरा पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव बिहार सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि 70वीं बीएससी परीक्षा को लेकर आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इशारे पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किया गया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं उन्होंने पेपर लीक मामले पर भी सरकार को घेरा और पूरे पेपर लीक मामले में जमकर चुटकी ली। उन्होंने कहा कि किसी भी पेपर लीक की घटना में नालंदा के माफियाओं की संलिप्ता होती है। उन्होंने कहा कि जिला को दोष नहीं दे रहे है लेकिन शिक्षा माफियाओं पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**फ्री बिजली और पेंशन में बढ़ोतरी का वादा**

तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर उनकी सरकार बनती है, तो सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना को 400 से बढ़ाकर 1500 रुपये किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने बिहार वासियों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का वादा किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि विपक्ष में रहते हुए भी राजद बिहार में 200 यूनिट मुफ्त बिजली की मांग को लेकर संघर्ष करती रहेगी।

**शिक्षकों के लिए उनकी पार्टी का संघर्ष जारी**

राजद नेता ने शिक्षकों के मसले पर खुलकर बात की। उन्होंने दावा किया कि उनकी 17 महीने की सरकार के दौरान पांच लाख नौकरियां दी गई और नियोजित शिक्षकों को नियमित किया गया। तेजस्वी ने वादा किया कि भविष्य में भी उनकी पार्टी शिक्षकों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेगी।

**सरकार बनी तो विकास कार्यों में लाएंगे तेज़ी**

तेजस्वी यादव ने कहा कि उनकी सरकार बनी तो विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी और बिहार को एक बेहतर भविष्य की ओर ले जाया जाएगा। उन्होंने नीतीश कुमार और भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी नीतियां बिहार को पिछड़ेपन की ओर धकेल रही हैं, जबकि राजद जनता के मुद्दों पर काम करना चाहती है।

तेजस्वी ने कहा कि किसान आत्मदाह कर रहे है, लेकिन सरकार कुछ नहीं कर रही है। तेजस्वी ने 2025 के बिहार विधानसभा में एनडीए बाय बाय जबकि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया है।

## शादी से लौट रही कार के टकराने से उखड़ गया पेड़...

### गाड़ी के पखच्चे उड़े; दो दोस्तों की मौत, दो गंभीर



मुजफ्फरपुर जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में शादी से लौट रहे चार दोस्तों की सफारी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा जैतपुर थानाक्षेत्र के पोखरौरा टोल प्लाजा के पास एनएच-722 पर देर रात हुआ। मृतकों की पहचान उज्ज्वल कुमार (25) और बिट्टू कुमार (24) के रूप में हुई है। घायलों का इलाज एसकेएमसीएच (स्व्यस्ष्ट॥) मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

शादी से लौटते वक्त हुआ हादसा

जानकारी के मुताबिक, हादसा तब हुआ जब चारों दोस्त पारू थानाक्षेत्र के एक गांव में शादी समारोह में शामिल होकर सफारी गाड़ी से घर लौट रहे थे। टोल प्लाजा पार करने के बाद सफारी वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि पेड़ उखड़ गया और वाहन का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आगे की सीट पर बैठे उज्ज्वल और बिट्टू की मौके पर ही मौत हो गई।

क्रेन की मदद से निकाले गए शव

घटना की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मृतकों के शवों को निकालने के लिए क्षतिग्रस्त गाड़ी को क्रेन से काटना पड़ा। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है।

परिवार में मातम

मृतक उज्ज्वल के पिता नवल किशोर सिंह ने बताया कि उनका बेटा हाल ही में छठ पर्व के दौरान नई सफारी लाया था। शादी में शरीक होने के लिए वह इसी गाड़ी से अपने दोस्तों के साथ गया था। हादसे की खबर से परिवार में मातम छा गया है। उज्ज्वल और बिट्टू के निधन से गांव और परिवार में शोक का माहौल है।

घायलों का इलाज जारी

दुर्घटना में घायल दो अन्य युवकों को गंभीर अवस्था में एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

वहीं, सरैया अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) कुमार चंदन ने बताया कि हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत हुई है। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी से शवों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और परिजनों से संपर्क कर आगे की प्रक्रिया जारी है।

## शहाबुद्दीन से लोहा लेने वाले बिहार के पूर्व डीजीपी डीपी ओझा का अंतिम संस्कार





बाहुबली और पूर्व सांसद दिवंगत शहाबुद्दीन पर बड़ी कार्रवाई कर चर्चा में आने वाले बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ध्रुव प्रसाद ओझा उर्फ डीपी ओजा (82) का अंतिम संस्कार आज गुलबी घाट पर होगा। उन्होंने अनीसाबाद स्थित अपने निजी आवास पर अंतिम सांस ली। वह पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे।

1967 बैच के आईपीएस अधिकारी, उन्हें 1 फरवरी 2003 को डीजीपी नियुक्त किया गया था। नो-नॉनसेंस पुलिस अधिकारी के रूप में जाने जाने वाले ओझा ने 2003 में तब सुर्खियां बटोरीं जब उन्होंने तत्कालीन सत्तारूढ़ राजद के सांसद शहाबुद्दीन के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। उन्होंने राज्य सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी थी जिसमें अन्य बातों के अलावा, पाकिस्तान स्थित संगठनों के साथ सांसद के संबंधों को सूचीबद्ध किया गया था।

**सरकार से तकरार हुआ तो वीआरएस ले लिया**

इस रिपोर्ट दर्ज होने के तुरंत बाद, उन्हें फरवरी 2004 में उनकी सेवानिवृत्ति से कुछ महीने पहले, 6 दिसंबर 2003 को पद से हटा दिया गया था। इसके बाद कुछ मुद्दों पर सरकार से तकरार होने के कारण डीपी ओझा ने वीआरएस ले लिया। पूर्व डीजीपी को दो पुत्र और एक पुत्री हैं। एक बेटी और छोटे बेटे इंग्लैंड में डॉक्टर हैं। वहीं बड़े बेटे निखिल ओझा मुंबई में एक बड़ी में उच्च पद पर कार्यरत हैं।

**पटना सायंस कॉलेज में लेक्चरर भी रह चुके थे**

राजेंद्र कॉलेज छपरा से बीएससी ऑनर्स की पढ़ाई पूरी करने वाले डीपी ओझा ने लंगट सिंह कॉलेज मुजफ्फरपुर से एमएससी किया। इसके बाद पटना सायंस कॉलेज और भागलपुर के टीएनबी कॉलेज में लेक्चरर रहे। कुछ दिन बाद पुलिस सेवा में आए। डीपी ओझा निडरता, निष्पक्षता और ईमानदारी के कारण काफी लोकप्रिय हुए। जिस जिले में जाते वहां अपराध पर लगाम लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। कानून व्यवस्था को लागू कराने में कई सख्त कदम उठाया। उनके निधन पर बिहार के डीजीपी आलोक राज, बिहार पुलिस के सभी अधिकारियों ने शोक व्यक्त किया।

जानिए रेड से चर्चा में आए बिजनेसमैन को

## एकड़ की जमीन 6 साल में 95 एकड़ बना ली पूर्व मंत्री के समधी ने

मोतिहारी के रामगढ़वा स्थित रिपुराज एग्रो प्राइवेट लिमिटेड में छापेमारी के बाद इसके बाद रामेश्वर प्रसाद चर्चा में हैं। चर्चा इस कारण भी है कि क्यों कि वह पूर्व विधि एवं कानून मंत्री व मोतिहारी सदर के विधायक प्रमोद कुमार के समधी हैं। आरोप है कि रामेश्वर प्रसाद ने उन्होंने महज पांच एकड़ की जमीन को छह साल में 95 एकड़ जमीन में तब्दील कर दिया। इसमें कई नए प्लांट के निर्माण प्रस्तावित हैं। साथ ही आय से खूब अधिक संपत्ति भी अर्जित की। इन सब बातों की भनक जब आयकर विभाग को लगी तो टीम छापेमारी करने इनके ठिकाने और राइस मिल पर पहुंच गई। शुक्रवार रात से शुरू हुई छापेमारी अब तक जारी है। आयकर की टीम सारे दस्तावेजों को खंगाल रहे हैं। रामेश्वर प्रसाद के ठिकाने के बाद भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

**मोटर पार्ट्स का दुकान चलाते थे रामेश्वर प्रसाद**

स्थानीय लोगों की मानें तो रामेश्वर प्रसाद पहले रामगढ़वा में गुप्ता डीज़ल्स के नाम से मोटर पार्ट्स की दुकान चलाते थे। कुछ सालों बाद वहां से स्न्रष्टद्ब में लाइजनिंग का काम करने लगे। कुछ ही दिन में सफेद पोश के रूप में अपनी पहचान बनायी। इस दौरान एक राजनीतिक दल से भी जुड़े। फिर कुछ सालों बाद रिपुराज एग्रो प्राइवेट लिमिटेड के नाम राइस मिल स्थापित कर ली। इसका विधिवत उद्घाटन सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किया। रिपुराज ब्रांड के चावल बिहार नेपाल सहित खाड़ी देशों में काफी बिकने लगे। चावल की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती गयी।

**राइस मिल की आड़ में अकूत संपति अर्जित की**

सूत्रों की मानें तो इसी राइस मिल की आड़ में रामेश्वर प्रसाद ने अकूत संपति अर्जित की।

राजनीति पकड़ की बात करें तो मोतिहारी के वर्तमान विधायक सह पूर्व विधि एवं कानून मंत्री प्रमोद कुमार इनके समधी हैं। भाजपा के वरीय नेता प्रमोद कुमार लगातार तीन बार से विधायक हैं। लोगों का कहना है कि राजनीति में अच्छी पकड़ के कारण इन्होंने खूब पैस कमाया। इधर, आयकर की छापेमारी के बारे में कोई भी अधिकारी कुछ बताने को तैयार नहीं है।

## पटना के नंदगोला में चाचा-भतीजे की रहस्यमयी मौत, खाना खाकर सोए फिर उठे ही नहीं

पटना के मालसलामी थाना क्षेत्र के पूर्वी नंदगोला में चाचा रवि दास (30) और भतीजा सोनल दास (20) की अचानक मौत से हड़कंप मच गया। दोनों किराए के मकान में रहते थे और रात में खाना खाने के बाद सोए थे। सुबह उनकी मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की है। थाना अध्यक्ष ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है।

मृतक के भाई नवीन ने बताया कि घटना की जानकारी मिले ही हमलोग यह पहुंचे है। दोनों चाचा भतीजा किराए के मकान में रहते थे। जानकारी के मुताबिक रात को खाना खा कर सोए थे, जिसके बाद आज उन दोनों की मौत की खबर आई है। पूरा परिवार में मातम पसर गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में लिए भेज दिया। झरनाबकी जानकारों होते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर कार्रवाई में जुट गई। मामले को लेकर मालसलामी थाना अध्यक्ष ने बताया कि एक मामला प्रकाश में आया है।चाचा भतीजा की मौत हुई है।

दोनों बाढ़ के रहने वाले हैं। यह किराए के मकान में रहता था। मामले को ले कर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मामला के संबंध में कुछ कहा जा सकता है। पुलिस जांच में जुटी है।